प्रादेशिक समाचार

23.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि देश के जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार का आठ अरब अमेरिकी डॉलर का पैकेज कोई सामान्य बजट नहीं, बल्कि महत्वाकांक्षा का संकेत है। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा पोस्ट किए गए एक लेख को साझा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह लेख बताता है कि कैसे मेक इन इंडिया प्रोत्साहन और बंदरगाहों के आधुनिकीकरण के प्रयासों से बढ़ते और लचीले औद्योगिक आधार ने देश को एक अनूठा लाभ प्रदान किया है।

****

रांची रेलवे स्टेशन पर छठ पूजा को लेकर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। स्टेशन परिसर में सफाई अभियान तेज किया गया है और जल एवं स्वच्छता सेवाओं को निर्बाध बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए भीड़ प्रबंधन दल और हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और सुगम हो।

****

लोहरदगा में छठ महापर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने सिठियों नदी घाट एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने घाटों से कचरा, प्लास्टिक और मलबा हटाकर श्रद्धालुओं के लिए साफ–सुथरा माहौल सुनिश्चित किया। उपायुक्त कुमार ताराचंद और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने लोगों से छठ पर्व को आपसी सौहार्द और स्वच्छता के साथ मनाने की अपील की।

****

झारखंड में घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन वापसी का कल अंतिम दिन है। नामांकन पत्रों की जांच कल पूरी हो गई। ज़िला चुनाव कार्यालय के अनुसार 17 में से 14 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र मान्य पाए गए।

****

देश में आज भाई बहन के पावन प्रेम का त्योहार भाईया–दूज मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यवासियों को भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं दी हैं।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएँ दी है । सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि भगवान चित्रगुप्त की कृपा से सभी के जीवन में सद्बुद्धि, न्यायप्रियता और ज्ञान का प्रकाश सदैव बना रहे, यही मंगलकामना है। इधर उपराजधानी दुमका में भगवान चित्रगुप्त की आस्था और भक्ति से पूजा की जा रही है। कायस्थ परिवार के लोग और अन्य कलमजीवी भक्तिभाव से सामूहिक रूप से कलम, दावत और चित्रगुप्त भगवान की पूजा कर रहे हैं।

****

पाकुड़ जिले में भगवान चित्रगुप्त की पूजा श्रद्धा और भक्तिभाव से की गई। शिवशीतला मंदिर में कायस्थ परिवारों ने भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा–अर्चना की। पूजा के बाद प्रसाद वितरण और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

****

साहिबगंज सदर अस्पताल में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है।

****

राज्य के कई जिलों में आज सुबह से बादल छाए रहे। पिछले 24 घंटों में राज्य का अधिकतम तापमान 34 द□ामलव 6 डिग्री और न्यूनतम 16 द□ामलव 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि शनिवार को राज्य के दक्षिणी और पश्चिमी जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

*********समाप्त**************